पत्रांक

प्रेषकः–

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

सभी विभागाध्यक्ष (क्लीनिकल / नन क्लीनिकल / पारा क्लीनिकल),
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

मुज0 दिनांकः–

विषय–अनुबंध पर नियोजित प्राध्यापक / सह–प्राध्यापक तथा नियमित प्राध्यापक / सह – प्राध्यापक की तुलनात्मक साप्ताहिक कार्य आवंटन की विवरणी तैयार कर उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक स्वास्थ्य विभागीय पत्रांक – 632(17) दिनांक – 07.10.2015 के निर्देश के आलोक में इस कार्यालय के पत्र संख्या– 1746 / 15 दिनांक – 09.10.15 के द्वारा आपके विभाग में अनुबंध पर नियोजित प्राध्यापक / सह–प्राध्यापक तथा नियमित प्राध्यापक / सह–प्राध्यापक की तुलनात्मक साप्ताहिक कार्य आवंटन, जिसमें शिक्षण कार्य, ओ0पी0डी0, इमरजेंसी में आवंटित बेडों का विवरण तैयार कर दो दिनो के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, परन्तु अब तक दो विभागो (बायोकेमेस्ट्री, फार्माकोलौजी) को छोड़कर अन्य विभागो से अप्राप्त है, जो खेद का विषय है ।

अतः अनुरोध है कि उक्त विवरणी अतिशीघ्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार को इसकी सूचना ससमय भेजी जा सके और सरकार द्वारा समीक्षा की जा सके । समय पर उक्त विवरणी उपलब्ध नही कराने पर समीक्षा में किसी प्रकार के अवरोध के लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

साथ ही आप सभी अपने–अपने विभागो में अनुबंध पर नियोजित सहायक प्राध्यापक / ट्यूटर / सिनियर रेजिडेन्ट एवं नियमित सहायकप्राध्यापक / ट्यूटर / सिनियर रेजिडेन्ट की तुलनात्मक साप्ताहिक कार्य आवंटन की विवरणी भी भविष्य के लिए तैयार कर लेंगे, ताकि सरकार द्वारा माँगे जाने पर इसे शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके ।

विश्वासभाजन

ह0 / –
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1798/15 दिनांकः– 14.10.15

प्रतिलिपिः–

1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

4) श्री सुरेश कुमार शर्मा, सरकार के संयुक्त सचिव, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

5) I.T. Sec., श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ ।

प्राचार्य